हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार 31 दिसंबर 2023


तापमान

अधिकतम 28 डिग्री

न्यूनतम 16 डिग्री


11 धूप में पेड़ों की छांव में बैठकर निबटाते हैं काम





12 नव वर्ष मनाने गंगरेल जाने वालों के लिये पार्किंग व रूट चार्ट जारी










एसएमसी हॉस्पिटल

अजुर्नी, धमतरी

नवनिर्मित, सर्वसुविधायुक्त, 100 बिस्तरों का हॉस्पिटल

● अनुभवी विशेषज्ञों की टीम ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा इलाज

संपर्क करें - 77250-01343, 77250-46397

- जनरल सर्जरी - हर्निया, हाइड्रोसील, बवासीर
- स्त्री रोग - नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी, हिस्टेरेक्टॉमी
- मेडिसिन - शुगर, बीपी, थाइरोइड, अस्थमा
- शिशु रोग - नवजात से लेकर किशोर बच्चो का इलाज
- एंडोस्कोपी - पेट, लिवर, पैंक्रियास की बीमारियां
- लेप्रोस्कोपी सर्जरी - पित्त की थैली की पथरी, ईईजी, टीएमटी, कॉल्पोस्कोपी, ईसीजी, मैमोग्राफी जैसे अत्याधुनिक मशीनों से जाँच एवं इलाज की सुविधा।



डॉ. प्रदीप साहू

एमबीबीएस, एमएस, एमसीएच, शल्यचिकित्सा विशेषज्ञ


## खबर संक्षेप

### नवागांव में आज होगी मड़ई

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम नवागांव (कण्डेल) में गुरू घासीदास जयंती पर 31 दिसम्बर रविवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए झन भुलौ मां बाप ला छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम मोखा पचपेड़ी का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील परमानंद, अशोक सोनवानी, प्रहलाद मार्कण्डेय, हेमंत डहरिया, लीला कुर्रे, रामेश्वर सिन्हा, लक्ष्मीनारायण साहू, अशोक साहू, माखन साहू, लक्ष्मण यादव, देवानंद, धनराज ने की है।

### भोथली में डीजे डांस आज

**धमतरी।** ग्राम भोथली (बलियारा) में जय सतनाम युवा समिति के तत्वावधान में 31 दिसंबर को डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। अतिथि विधायक ओंकार साहू, कविता बाबर जिला पंचायत सदस्य, घनश्याम साहू सरपंच, पूर्णिमा बनपेला जनपद सदस्य, गौतम वाधवानी, राजा देवांगन होंगे। एकल में प्रथम पुरस्कार 3001 रू, द्वितीय 2001 रू., तृतीय 1001 रू. व सामूहिक में प्रथम पुरस्कार 5001 रू, द्वितीय 3001 रू, तृतीय पुरस्कार 2001 रू. दिया जायेगा। बेस्ट संगीत, बेस्ट नृत्य, बेस्ट वेशभूषा में विशेष पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। एकल में प्रवेश शुल्क 100 रू. एवं सामूहिक में 200 रू. रखा गया है। यह जानकारी लुकेंद्र कुमार, पीलेश्वर बघेल, एसकुमार बघेल ने दी है।

### चर्रा में शिव महापुराण कथा जारी

**कुरूद।** ग्राम चर्रा के बजरंग चौक में ग्रामवासियों के सहयोग से शिव महापुराण कथा का आयोजन 30 दिसंबर से 5 जनवरी तक किया गया है। प्रथम दिन कलश यात्रा, वेदी पूजा, महात्मय कथा हुई। दूसरे दिन नारद मोह, सृष्टि वर्णन, अर्धनारीश्वर, सागर मंथन की कथा होगी। तीसरे दिन पंचमुख कथा गंगा, राम जन्म उत्सव, सती चरित्र, पार्वती जन्म, शिव विवाह। चौथे दिन कार्तिक गणेश की उत्पत्ति, गजासुर की कथा। पांचवें दिन दुर्वाशा एवं हनुमान अवतार। छटवें दिन द्वादश ज्योतिर्लिंग का वर्णन, अन्धकासुर, भष्मासुर कथा, चढ़ोतरी तथा अंतिम दिवस पार्थिव शिव अभिषेक, हवन, पूर्णाहुति, महाआरती, प्रसाद का वितरण होगा। कथावाचक ओंकारेश्वर शिव मंदिर पलारी बालोद के पुरोहित पं. अमित सरस भारती झा हैं।



### सेमरा में राज्यस्तरीय डीजे डांस 1 जनवरी को

**अंवरी।** ग्राम सेमरा में 1 जनवरी को राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सामूहिक डांस में प्रथम पुरस्कार 5001 रूपये, द्वितीय 3001 एवं तृतीय पुरस्कार 1501 रूपये, युगल डांस में प्रथम पुरस्कार 2001, द्वितीय 1001 एवं तृतीय पुरस्कार 701 रूपये एवं एकल डांस में प्रथम पुरस्कार 2001, द्वितीय 1001 एवं तृतीय पुरस्कार 701 रूपये रखा गया है। तैयारी में संरक्षक लखन सिन्हा, ईश्वर साहू, अध्यक्ष मोती विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष भूपेंद्र साहू, सचिव गुलाब साहू सहित ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### पिछले साल के राजीव गांधी न्याय योजना की आखिरी किस्त नहीं मिली

# बोनस मिला, न्याय नहीं, भूमिहीनों की योजना में भी कटौती

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सत्तासीन भाजपा सरकार ने दो साल का बकाया बोनस तो दे दिया है लेकिन किसानों को पिछले साल की राजीव गांधी न्याय योजना की तीसरी किस्त अभी तक नहीं मिली है। इस योजना के तहत बोनस के रूप में कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार किसानों को 9 हजार रुपए प्रति एकड़ राहत देती थी। इसकी चौथी किस्त अब तक बाकी है। इसके अतिरिक्त भूमिहीन कृषक न्याय योजना की राशि भी भूमिहीन किसानों को नहीं मिली है।



फाइल फोटो

भाजपा ने सत्ता की बागडोर सम्हालते ही चुनावी घोषणाओं को पूरा करना शुरू कर दिया है। प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी के साथ वर्ष 2014-15 और 2015-16 का बकाया बोनस भी किसानों के खाते में डाल दिया है। विडंबना यह है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने राजीव गांधी न्याय योजना के तहत किसानों को प्रति एकड़ 9 हजार रुपए की राशि बोनस देती आ रही थी। यह राशि चार किस्तों में किसानों के खातों में डाली जाती थी। पिछले साल किसानों को तीन किस्त दे दी गई थी लेकिन चौथी किस्त नहीं दी गई थी। प्रति एकड़ 2250 रुपए किसानों को देना बाकी है। इस राशि के भुगतान को लेकर अब तक कोई सुगबुगाहट नहीं है। ऐसे में किसानों की उम्मीद टूटती जा रही है। किसान महेश मेश्राम, हेमा राम साहू ने बताया कि यह राशि हर किसान को दी जाती थी, चाहे उसने समर्थन मूल्य पर धान बेचा हो या नहीं। पिछले साल ऐसे 1 लाख 21 हजार से ज्यादा किसान थे, जिन्हें इस योजना के तहत तीन किस्त दी गई थी। उन्होंने बताया कि पिछली सरकार ने इस योजना के तहत किसानों को राहत राशि देने का प्रावधान बजट में कर दिया था। इसके बाद भी राशि नहीं दिया जाना समझ से परे है। हेमाराम साहू ने बताया कि इस योजना के तहत उनके दो वर्ष की पुरानी किस्त भी नहीं मिली है, जिसके लिए कई बार अधिकारियों से गुजारिश भी कर चुके हैं। अब तो इसके मिलने की उम्मीद भी नहीं है।

#### भूमिहीन कृषकों को नहीं मिली राशि

सत्ता पर रहते हुए वर्ष 2021-22 में कांग्रेस ने भूमिहीन कृषक न्याय योजना की शुरूआत की थी, लेकिन हितग्राहियों को इस योजना का आधा-अधूरा लाभ ही मिल पाया। जानकारी के अनुसार इस योजना के तहत ग्राम पंचायत तथा नगर पंचायत के भूमिहीन कृषि मजदूर परिवार पात्र थे। इसमें चरवाहा, बढ़ाई, लोहार, मोची, नाई, धोबी, पुरोहित जैसे काम करने वालों को राहत दी जा रही थी। योजना के शुरू होने के बाद से पात्र हितग्राहियों को मात्र चार बार ही राहत दी गई है।

#### भाजपा ने भी किया है वादा

विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने ऐसी ही योजना चलाकर भूमिहीन कृषकों को राहत देने का वादा किया है। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में तो भूमिहीनों को ज्यादा लाभ नहीं मिला। अब वे भाजपा की वर्तमान सरकार से उम्मीद लगाकर बैठे हैं। उधर सरकार द्वारा इस वादा को पूरा करने के लिए अब तक कोई पहल नहीं की गई है।

## जिला अस्पताल मार्ग पर अक्सर लगता है जाम

- बेतरतीब खड़े वाहनों से मरीजों को होती है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला अस्पताल मार्ग के दोनों किनारे बेतरतीब ढंग से खड़ी बाइक व ऑटो के कारण अक्सर जाम लग जाता है, जिसके कारण मरीज लेकर अस्पताल पहुंच रही एम्बुलेंस व लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



जिला चिकित्सालय में रोजाना सैकड़ों मरीज उपचार के लिये पहुंचते हैं। वहीं 24 घंटे आपातकालीन सेवा में लगी संजीवनी 108, महतारी एक्सप्रेस 102 व अन्य एम्बुलेंस का जिला अस्पताल आना-जाना लगा रहता है। एम्बुलेंस में सड़क दुर्घटना के गंभीर मरीज रहते हैं। वहीं कुछ डिलीवरी पेशेन्ट व नाजुक स्थिति के मरीज भी रहते हैं, जिन्हें जल्द चिकित्सकीय सुविधा की आवश्यकता रहती है लेकिन जिला अस्पताल के मुख्य गेट के सामने रोजाना रास्ता जाम हो जाता है, जिसके कारण एम्बुलेंस के मरीजों को उपचार मिलने में देरी होने से उनके जीवन पर खतरा मंडराने लगता है। अस्पताल मार्ग में जाम लगने का मुख्य कारण सड़क के दोनों तरफ खड़े ऑटो व बाइक है। ऑटो चालक भी सड़क किनारे अपना वाहन खड़ा कर सवारी का इंतजार करते रहते हैं। वहीं अस्पताल पहुंचने वाले लोग भी पार्किंग का 10 रूपये शुल्क बचाने के चक्कर में सड़कों पर ही अपनी बाइक खड़ी कर चलते बनते हैं। दोनों तरफ वाहनों के खड़े होने से मार्ग संकरा हो जाता है। ऐसे में एम्बुलेंस या कार के गुजरने से रास्ता जाम हो जाता है। घोषित जाम को हटाने अस्पताल प्रबंधन द्वारा पूर्व में यातायात पुलिस से पत्राचार किया था। शिकायत पर यातायात पुलिस की पेट्रोलिंग टीम ने सड़क पर खड़े वाहनों को हटवाकर चालकों को समझाइश दी थी। पुलिस की लगातार कार्रवाई नहीं होने के कारण रास्ता जाम की समस्या बनी हुई है।

#### पत्राचार किया जायेगा

इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ. अरूण टोण्डर ने बताया कि अस्पताल मार्ग में जाम लगने संबंधित पूर्व में यातायात पुलिस से पत्राचार किया जा चुका है। जीवनदीप समिति की बैठक में भी इस संबंध में चर्चा हुई थी। इस संबंध में दोबारा पुलिस विभाग को पत्र भेजकर जानकारी दी जायेगी।

## शहर में मिला पहला कोरोना संक्रमित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रदेश में कोरोना वायरस की दस्तक के साथ विभिन्न जिले में संक्रमितों की पहचान हो रही है। धमतरी में भी इस सीजन का पहला कोरोना संक्रमित मरीज पाया गया। विदेश के बाद देश के विभिन्न राज्यों में कोरोना के नए वेरिएंट जेएन-1 का फैलाव बढ़ता जा रहा है। संक्रमण को लेकर केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा पूर्व में ही अलर्ट जारी किया गया है जिसके चलते स्वास्थ्य विभाग भी कोरोना से निपटने की तैयारी में जुट गया है। प्रदेश के अन्य जिलों में लगातार कोरोना संक्रमित की पहचान हो रही है लेकिन धमतरी लंबे समय से कोरोना संक्रमण से अछूता था फिर भी स्वास्थ्य विभाग ने कोविड-19 की गाइड लाइन का पालन करते हुए अस्पताल में पहुंचने वाले सर्दी, खांसी के मरीजों के लिए कोविड टेस्ट अनिवार्य किया है। शनिवार को जिला अस्पताल के कोविड जांच सेंटर में एक व्यक्ति का एंटीजन किट से सेंपल लेकर जांच की गई। इस टेस्ट में रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव पाई गई। बताया जा रहा है कि उक्त कोरोना संक्रमित शहर का ही है। अभी वेरिएंट की पहचान नहीं हो पाई है। सिविल सर्जन डॉ. अरूण टोंडर ने मीडिया को बताया कि शनिवार को शहर के एक वार्ड के व्यक्ति को कोरोना जांच में पॉजिटिव पाया गया है। सभी सुरक्षात्मक ऐहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। वर्तमान में धमतरी में कोरोना संक्रमित का ज्यादा जोर नहीं है। फिर भी सावधानी आवश्यक है।




## चयन परीक्षा 10 मार्च को आवेदन 25 जनवरी तक

**धमतरी।** जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना के तहत कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिये 10 मार्च को चयन परीक्षा आयोजित की जायेगी, जिसके लिये इच्छुक विद्यार्थियों से 25 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक विद्यार्थियों को वर्तमान में कक्षा 5 वीं में नियमित अध्ययनरत होना तथा कक्षा 4थीं की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया होना अनिवार्य है। ऐसे विद्यार्थी उक्त योजना के तहत आयोजित चयन परीक्षा में शामिल होने के पात्र होंगे, चयन परीक्षा के प्राप्तांकों की मेरिट के आधार पर कक्षा 6 वीं के लिये अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग हेतु आबंटित किये गये राज्य में स्थित उत्कृष्ठ शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश दिया जावेगा। प्रवेश हेतु आयोजित चयन परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के पालक की वार्षिक आय 2.50 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए।

## वर्ष 2023 में हत्या का प्रयास, अपहरण, बलात्कार संबंधी अपराध बढ़े

- नारकोटिक्स, आर्म्स एक्ट पर पुलिस की हुई ताबड़तोड़ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

वर्ष 2023 में जिले में हत्या, अपहरण, बलात्कार, महिला संबंधी अपराधों में वृद्धि हुई है। वहीं अपराध व तस्करी पर अंकुश लगाने बीते वर्ष की तुलना में पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई भी की है।

वर्ष 2023 का आज अंतिम दिन है। सोमवार से नववर्ष 2024 शुरू हो जायेगा। बीत रहे वर्ष 2023 में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छोटी-बड़ी कई घटना सामने आई है। वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2023 में हत्या, अपहरण, बलात्कार के अपराधों में वृद्धि हुई है। वहीं हत्या, नकबजनी, धोखाधड़ी, दहेज मृत्यु, प्रताड़ना के मामलों में कमी आई है। जिले की पुलिस ने अपराधों की रोकथाम के लिये वर्ष 2023 में आयुध अधिनियम के तहत 65 कार्रवाई, नारकोटिक्स एक्ट के 21, जुआ 101, सट्टा 74, आबकारी 808, आईटी एक्ट 13, पशु के प्रति क्रूरता 5, वन्य जीव संरक्षण पर 1 कार्रवाई की है। इस तरह पुलिस ने विशेष स्थानीय अधिनियम के तहत वर्ष 2023 में 1058 कार्रवाई की है।




#### वर्ष 2023 में 1900 अपराध दर्ज

जिले के सभी थाने व चौकी में वर्ष 2023 में भारतीय दंड विधान के तहत कुल 1900 अपराध दर्ज किया गया है। कुछ अपराधों में वर्ष 2022 की तुलना में बढ़ोतरी हुई है जिनमें से हत्या का प्रयास 19, बलात्कार 72, अपहरण 49 मामले है। इसी तरह कमी आए अपराधों में हत्या 25, डकैती 1, मानव वध 1, लूट 7, नकबजनी 95, चोरी 166, बलवा 39, खयानत 1, धोखाधड़ी 13, चोट 45, दहेज मृत्यु 1, शीलभंग 46, यौन उत्पीड़न 6, अन्य 1136 मामले पंजीबद्ध हुए हैं।

#### 4328 पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

वर्ष 2022 की तुलना में पुलिस ने वर्ष 2023 में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त 4328 व्यक्तियों पर लघु अधिनियम के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है, जिसके तहत धारा 110 द.प्र.सं. के तहत 76, धारा 151-523, धारा 107, 116-3 के तहत 3703 ,धारा 145-21 एवं 5 लोगों पर जिलाबदर की कार्रवाई की है। बीते वर्ष 2023 में अपराध पर अंकुश लगाने 1099 अधिक प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

### करीब 100 हेक्टेयर जमीन का सशर्त हस्तांतरण

## एक सौ तेरह साल बाद माड़मसिल्ली बना राजस्व ग्राम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सिंचाई विभाग के अधीन माड़मसिल्ली 113 साल बाद राजस्व ग्राम घोषित हो गया है। यहां के करीब 100 हेक्टेयर रकबा का हस्तांतरण हो गया है। राजस्व सर्वेक्षण पश्चात भुंइया पोर्टल में इसका अद्यतन कर लिया गया है। राजस्व ग्राम घोषित होने से सायफनपारा और भोथापारा के सैकड़ों ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है।



फाइल फोटो

उल्लेखनीय है कि माड़मसिल्ली बांध एरिया का पहला सायफन सिस्टम बांध है। इसका निर्माण सन 1914 में शुरू हुआ और 1923 में पूर्ण हुआ। माड़मसिल्ली बांध सहित आसपास का क्षेत्र सिंचाई विभाग के अंतर्गत आता है। बांध बनने के बाद सिंचाई की अधिकृत जमीन में दो बस्तियां बस गई जिसे सायफनपारा तथा भोथापारा के नाम से जाना जाता है। सन 2011 की जनगणना में सायफनपारा की जनसंख्या 223 तथा भोथापारा की जनसंख्या 196 थी। सायफनपारा निवासी रामचंद ध्रुव ने बताया कि दोनों बस्ती मिलकर करीब 800 लोगों की जनसंख्या होगी। ग्रामीणों की आय का मुख्य साधन मछली मारना तथा काबिज भूमि पर खेती करना है। बांध बनने के दौरान बांध के अलावा आसपास का एरिया सिंचाई विभाग का है। काबिज जमीनों का पट्टा नहीं होने से शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उन्हें नहीं मिलता है। लंबे समय से लोग काबिज का अधिकार पट्टा मांग रहे हैं।

राजस्व निरीक्षक दीपचंद भारती ने बताया कि 113 साल बाद माड़मसिल्ली का भोथापारा, सायफनपारा सिंचाई से घोषित राजस्व ग्राम बन गया है। यहां के 97.79 हेक्टेयर का राजस्व सर्वेक्षण कर भुंईया पोर्टल में अद्यतन कर लिया गया है। अधिसूचना के बाद कलेक्टर श्री रघुवंशी ने इसका अवलोकन किया है। जमीनों के सीमांकन के बाद सशर्त हस्तांतरण किया गया है जिसमें पानी, मिट्टी का उपयोग किया जा सकेगा।

## जिले में 1 जनवरी को लगेंगे संकल्प शिविर

**धमतरी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में एक जनवरी को कुल आठ गांवों में संकल्प शिविर लगाये जायेंगे। धमतरी विकासखण्ड के गागरा, छाती, कुरूद विकासखण्ड के सिर्वे, जोरातराई और नगरी विकासखण्ड के सियादेही, कसपुर, माकरदोना और बरबांधा में संकल्प शिविर आयोजित किये जायेंगे। कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने शिविर में अधिक से अधिक लोगों को शासन की विभिन्न योजनाओं आधार कार्ड का पंजीयन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड का पंजीयन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, स्वास्थ्य जांच लाभ, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना और पेंशन योजना का लाभ उठाने की अपील की है।


पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप



### नेता प्रतिपक्ष महंत से टेश्वर ने की मुलाकात

**नगरी।** आदिवासी कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव टेश्वर सिंह ध्रुव ने रायपुर में डॉ चरणदास महंत के नेता प्रतिपक्ष बनने पर उन्हें गुलदस्ता भेंट किया।

### प्रदेश साहू संघ आईटी प्रकोष्ठ के आदित्य बने संगठन सचिव

**कुरूद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ आईटी प्रकोष्ठ का विस्तार 28 दिसंबर को किया गया। कुरूद के आदित्य साहू को छग प्रदेश साहू संघ आई टी प्रकोष्ठ रायपुर संभाग के संगठन सचिव के पद पर मनोनीत किया गया। छग प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू एवं प्रदेश संयोजक (आईटी प्रकोष्ठ) द्वारिका साहू, दानेश साहू, अध्यक्ष, रायपुर संभाग ( आईटी प्रकोष्ठ) की अनुसंशा पर छग प्रदेश साहू संघ (आईटी प्रकोष्ठ) रायपुर संभाग में संगठन सचिव का दायित्व आदित्य को मिला है जिस पर उन्होंने सामाजिक पदाधिकारियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है।



## निधन

### हरिराम साहू



**धमतरी।** ग्राम लिमतरा निवासी हरिराम साहू 76 वर्ष का निधन हो गया। वे इंदलराम साहू के पिताजी एवं याद राम साहू के दादाजी थे। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में परिजन उपस्थित रहे।

### पीएम आवास से लाभान्वित मूलचंद ने सुनाई अपनी कहानी अपनी जुबानी

# पक्के मकान बनने से बारिश की चिंता हुई दूर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी**

केंद्र शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से रूबरू संवाद करने के उद्देश्य से अंवरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया तथा पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा धरती कहे पुकार की थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। शिविर में लोगों द्वारा संकल्प लिया गया ।





प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित मूलचंद यादव ने योजना के तहत बने पक्के मकान के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उनके पक्के मकान का सपना साकार हो गया है और वे परिवार के साथ निश्चिंत होकर अपने घर में रह रहे हैं। अब उन्हें असमय होने वाली बारिश की चिन्ता है और न ही कोई अन्य चीजों से। उन्होंने बताया कि ग्राम में 50 घर यादव समाज के है जिसमें 45 घरों को आवास मिल गया है।

संकल्प शिविर में लोगों को विभागीय योजनाओं से अवगत कराया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड प्रदाय किया गया और निःशुल्क दवा मरीजों को दी गई। वहीं कृषि विभाग द्वारा किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, स्वाइल हेल्थ कार्ड, आधार अपडेशन, केसीसी उद्यानिकी, पशुपालन आदि से अवगत कराया गया । इसके अलावा बिहान समूह की महिला सरस्वती साहू एवं रेखा बाई ने बिहान समूह से मिलने वाले लाभ को बताया। भूखन धीवर ने मत्स्य विभाग से मिले लाभ के बारे में चर्चा की। युवाओं के द्वारा प्रश्नोत्तरी भी खेला गया जिसमें प्रथम जागेश्वर निर्मलकर को टी शर्ट एवं टोपी से सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत हितग्राहियों को गैस चूल्हा प्रदान किया गया। इस अवसर पुनेश्वर साहू सरपंच, सुनील गायकवाड़ जनपद सदस्य कुरुद, लेखराम साहू पूर्व सोसाइटी अध्यक्ष, डीएस मरकाम करारोपण अधिकारी, डीएस नेताम एडीओ, अभिषेक श्रोती ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, रामकुमार बंजारे सचिव, आईआर साहू प्राचार्य हाई स्कूल, डोमेश्वर कंप्यूटर ऑपरेटर कुरुद, मुकेश निर्मलकर समेत अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

## ओबीसी संयोजन समिति ने विधायक का किया अभिनंदन



**अंवरी।** कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर से ओबीसी संयोजन समिति प्रदेश कमेटी ने मुलाकात उनका अभिनंदन किया। पांचवीं बार पुनः क्षेत्र की जनता से आशीर्वाद मिलने पर हर्ष व्यक्त किया। बता दें कि 1998 से लगातार अजय चंद्राकर पर क्षेत्र की जनता ने विश्वास जताया है। श्री चंद्राकर ने जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क परिवहन, बिजली, शिक्षा,पानी पर बहुत मजबूती के साथ काम किया। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष टिकेश्वर साहू, जिला प्रभारी समारू सिन्हा, धमतरी जिलाध्यक्ष अध्यक्ष चोवाराम साहू, प्रदेश महामंत्री चेतन साखरे, भखारा ब्लॉक अध्यक्ष सदानंद साहू,कर्मचारी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक शैलेंद्र कुमार साहू, मीडिया प्रभारी धमतरी जिला आशीष कुमार साहू, शंकर भार्गव, अविनाश साहू, लुकेश साहू, मगरलोड ब्लॉक अध्यक्ष जीवराखन साहू शामिल रहे।

# माधुरी की रचित तीन पुस्तकों का विमोचन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी**

बिलासा साहित्य के शिक्षण संस्थान (बिलासा छंद महालय) का प्रथम दीक्षांत समारोह वृंदावन हॉल रायपुर में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छंदकार अरुण निगम (दुर्ग), राजन यादव संगीताचार्य (इंदिरा संगीत कला विश्वविद्यालय खैरागढ़), डॉ अजय मोहन सहाय (रायपुर) थे। इस आयोजन में छंद महालय की अध्यक्षा डॉ माधुरी डड़सेना नगर पंचायत भखारा निवासी द्वारा रचित तीन पुस्तक "माधुरी मार्तण्ड" सम्पूर्ण सवैया का महाग्रंथ "माधुरी मुंदरी" छत्तीसगढ़ी गजल संग्रह," माधुरी मोहिनी" पुरातन सवैया संग्रह का विमोचन किया गया। माधुरी ने



बताया कि अब तक उन्होंने तेरह पुस्तकों का सृजन किया है। माधुरी मार्तण्ड को 8 दिसम्बर को फ़रीदाबाद दिल्ली में मैजिक बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड का सम्मान प्राप्त हुआ है। माधुरी मार्तण्ड डॉ रामनाथ साहू द्वारा प्रस्तारित और डॉ माधुरी डड़सेना द्वारा रचित 1165 नये सवैया का अद्भुत संग्रह है। दीक्षांत समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से पटल के छंद साधक उपस्थित हुए थे।

संस्था की अध्यक्षा डॉ माधुरी डड़सेना ने छंद महालय का प्रतिवेदन पाठ किया। संचालन गजेंद्र हरिहारनो दीप ने किया। संस्थापक डॉ रामनाथ साहू ननकी ने संपूर्ण भारत में भारतीय छंदों की अभिवृद्धि एवं संरक्षण की बात कही। मुख्य अतिथि अरुण निगम एवं राजन यादव ने छंदों की निःशुल्क सेवा पर शुभकामनाएं दी।

# ग्रामीणों ने विकसित राष्ट्र बनाने का लिया संकल्प

- विकसित भारत संकल्प यात्रा दुगली-कौहाबाहरा पहुंची

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी**

दुगली-कौहाबाहरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र नेताम, विकल गुप्ता, प्रभारी कुकरेल मंडल, राजाराम मंडावी, बंशीलाल सोरी जनपद सदस्य शामिल हुए। मौके पर श्रीमती नेताम ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है



कि भारत को विकसित देशों की श्रेणी में लाना। देश को विकसित बनाने में वहां के नागरिकों की अहम भूमिका होती है। विकल गुप्ता ने कहा कि प्रदेश के 18 लाख गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने की गारंटी दी है। वहीं महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन प्रदान किया जा रहा है।

महेन्द्र नेताम जिलाध्यक्ष अजजा मोर्चा ने कहा कि मोदी की मंशा अनुसार किसानों को बोनस, मुक्त खाद्यान्न, गैस कनेक्शन जैसी अनेक योजनाओं से प्रदेशवासियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य है, जिसे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूरा करने का काम शुरू कर दिया है। श्री नेताम ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने लोगों को संकल्प दिलाया।

इस अवसर पर सरपंच रामकुंवर मंडावी, शिवा नेताम, जयसिंह सोरी, पुजारी वरूण देव ध्रुव, राजेश्वर नेताम, अघनूराम मंडावी, नंदलाल नेताम, भोज सोनवानी, बसंत टांडेश, ज्वाला तुमरेटी, नंदलाल मरकाम, अनिल यादव सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**राजस्व मामले में नोटिस**
**समक्ष न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमतरी**
**मामले का विषय राजस्व अपील प्रकरण**
**मामला क्रमांक-**
**202201131600013/1304/एपीएल/अ-27, वर्ष 2022-23**

1- मोनार्क कुमार पिता स्व. खिलावन चन्द्राकर,
2- दीपांशु कुमार पिता स्व. खिलावन चन्द्राकर,
3- संतोषी बेवा खिलावन चन्द्राकर,
सभी निवासी ग्राम छाती तह. व जिला धमतरी (छ.ग.)
............................ **अपीलार्थीगण**

**दावा**

1- गिरवर पिता स्व. आनंदराम चन्द्राकर,
निवासी ग्राम छाती तहसील व जिला धमतरी. (छ.ग.)
2- विजय कुमार पिता स्व. मोहनलाल चन्द्राकर,
निवासी ग्राम फुण्डा तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद, (छ.ग.)
3- कामिनी पिता स्व. मोहनलाल चन्द्राकर,
निवासी ग्राम फुण्डा तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद, (छ.ग.)
4- सोहनलाल पिता आनंदराम चन्द्राकर,
निवासी ग्राम फुण्डा तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद, (छ.ग.)
5- शिवनंदन पिता स्व. आनंदराम चन्द्राकर,
6- नरसिंग पिता स्व. सालिकराम चन्द्राकर,
7- शांति कुमार पिता स्व. सालिकराम चन्द्राकर,
8- मीनाबाई बेवा स्व. सालिकराम चन्द्राकर,
क्रमांक 5, 6, 7, 8 निवासी ग्राम छाती तहसील व जिला धमतरी, (छ.ग.)
9- छ.ग. शासन,
10- रघुनंदन पिता आनंदराम चन्द्राकर,
निवासी ग्राम छाती तहसील व जिला धमतरी, (छ.ग.)
......................... **उत्तरवादीगण**

एतद् द्वारा उत्तरवादीगण क्रमांक 01 गिरवर पिता स्व. आनंदराम चन्द्राकर, निवासी ग्राम छाती तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.), 04- सोहनलाल पिता आनंदराम चन्द्राकर, निवासी ग्राम फुण्डा तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद (छ.ग.), 05- शिवनंदन पिता स्व. आनंदराम चन्द्राकर, निवासी ग्राम छाती तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.), 10- रघुनंदन पिता आनंदराम चन्द्राकर, निवासी ग्राम छाती तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.), आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी मोनार्क कुमार पिता स्व. खिलावन चन्द्राकर एवं अन्य 02 सभी निवासी ग्राम छाती तह. व जिला धमतरी (छ.ग.) के द्वारा उत्तरवादीगण क्रमांक-01 से 10 के विरूद्ध न्यायालय नायब तहसीलदार धमतरी के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202201131600013/अ-27 वर्ष 2021-22 में पारित आदेश दिनांक 30.11.2022 से परिवेदित होकर प्रस्तुत अपील इस न्यायालय में प्रचलित है। जिसमें आप उत्तरवादीगण क्रमांक 01, 04, 05 तथा 10 की उपस्थिति अनिवार्य है। उपर्युक्त मामले की सुनवाई तारीख 12/01/2024 को दिन के प्रातः 11.00 बजे स्थान न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमतरी पर होगी। अतः आप उत्तरवादीगण इस न्यायालय की उक्त सुनवाई तिथि 12/01/2024 को स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होवे। अन्यथा अनुपस्थिति की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का गुण-दोष के आधार पर निराकरण कर दिया जावेगा। **जारी दिनांक 28/12/2023**

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**धमतरी (छ.ग.)**

# बिरनासिल्ली-पोड़ागांव में हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत

- ऑनलाइन एलईडी से दी ग्रामीणों को केंद्रीय योजनाओं की जानकारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी**

ग्राम पंचायत बिरनासिल्ली एवं पोड़ागांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का स्वागत करने के बाद ऑनलाइन एलईडी के माध्यम से प्रधानमंत्री के उदबोधन को आमजनता तक पहुंचाया गया तथा सुशासन का संकल्प लिया गया।





कार्यक्रम में पंचायत ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, महिला बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, वन विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, खाद्य विभाग, स्वच्छ भारत मिशन अन्य सभी विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने स्टाल लगाकर आमजनता को योजनाओं से अवगत कराकर त्वरित कार्र किया गया। आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, लोकसेवा केन्द्र एवं शासन की अन्य कल्याणकारी योजनाओं से लाभ के बारे में अवगत कराते हुए योजनाओं से लाभ लेने प्रोत्साहित किया गया। धरती करे पुकार कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम को जनपद सदस्य उमेश देव, राकेश चौबे, महामंत्री भाजपा, प्रकाश बैस महामंत्री भाजपा, मोहन पुजारी, मनोहर मानिकपुरी ने भी संबोधित किया।

मौके पर जपं नगरी के विकास विस्तार अधिकारी सीपी साहू, आरएस नेताम, सहकारिता अधिकारी नेमीचंद देव, ग्राम पंचायत बिरनासिल्ली एवं पोड़ागांव के सरपंच व सचिव समेत अन्य मौजूद थे।

### कुहकुहा में कथावाचक ने सुनाई सुदामा चरित्र की कथा, आज गीता सार

# मित्रता हो तो कृष्ण और सुदामा जैसी : विष्णु प्रसाद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री**

ग्राम कुहकुहा में श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञानयज्ञ कथा का आयोजन 31 दिसंबर तक तीरथराम साहू सहित महमल्ला परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है।

कथावाचक पं. विष्णु प्रसाद दुबे जोरातराई वाले ने शुक्रवार को सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता बालपन से ही प्रगाढ़ थी। मित्रता करो तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना देर करे ही मित्र की मदद कर दे। परंतु आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई है। जब तक





स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है। जब स्वार्थ पूरा हो जाता है, तो मित्रता खत्म हो जाती है।

उन्होंने आगे कहा कि सुदामा गुरु मां द्वारा दिए हुए कृष्ण के हिस्से का चना खाकर गलत किया या सही। पूरी दुनिया इसे गलत मानती है लेकिन सुदामा ने सही किया क्योंकि वह चना श्रापित था। सुदामा साधारण ब्राम्हण बालक नहीं था, वह जान चुका था कि यह चना श्रापित है। इस चने को खाने से जीवन में द्ररिद्रता आयेगी। उन्होंने सोचा कि मैं सखा के जीवन में दरिद्रता आने नहीं दूंगा और उसी भाव का शायद श्री कृष्ण ने ऋण चुकाते हुए उन्हें धनवान बनाया। इस लीला के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण ने दुनिया को संदेश दिया कि मित्र किसी भी स्थिति में हो, उसका साथ नहीं छोड़ना चाहिए।

इस अवसर पर आयोजक परिवार से जुड़े तीरथ राम साहू, खूबलाल साहू, उमेश साहू, हेमलाल, झुमुक लाल, श्रवण साहू, टिकेश साहू, हरिनेश साहू, प्रमोद साहू, राजेश, कृष्णा समेत कथा का रसपान करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## अंचल की खबरें

### अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन



**कुरूद।** जनपद पंचायत कुरूद अंतर्गत जनपद क्षेत्र क्रमांक 9 ग्राम मोंगरा में शीतला मंदिर परिसर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य लागत राशि 3 लाख 50 हजार का भूमिपूजन सभापति रविन्द्र साहू के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर आमनी साहू सरपंच, नागेश साहू, सोहन साहू , मेवा साहू ,नंदकुमार साहू, कृष्ण कुमार, हरिराम, शिवराम, भागवत उपस्थित थे।

### परखंदा में अक्षत कलश की निकली शोभायात्रा



**कुरूद।** ग्राम परखंदा में राम जन्मभूमि अयोध्या से आये हुए अक्षत कलश का श्री राम मंदिर बाजार चौक में विधिवत पूजा-अर्चना, रामायण पाठ कर कलश यात्रा निकाली गई। ग्राम की महिलाओं ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इसके बाद आरती एवं प्रसादी वितरण किया गया एवं अक्षत कलश को घर-घर पंहुचाकर आमंत्रित किया गया । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रमोद झा, गुहलेद राम साहू, मोहित साहू, रामरतन साहू, तुलसी सोनकर, गजेंद्र साहू, दुलेश पाड़े, सोहन पटेल, अशोक चक्रधारी, यादराम साहू , जीत निषाद ,लिकेश साहू ,हितेश निषाद ,चम्पेश्वर सोनकर, फगनी बाई साहू, शैलबाई साहू, समोदा बाई, नम्रता साहू, सोनेश्वरी निषाद, गीता पटेल, फूल बाई, यादराम साहू, मोनू साहू, सुरेन्द्र साहू, जित्तू मानिकपुरी, भुनेश्वर साहू, नरेन्द्र सतनामी का सहयोग रहा।

### छाती खंड के लिए अक्षत कलश का वितरण



**पुरी।** ग्राम देवपुर के विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा अयोध्या से आए अक्षत कलश का वितरण छाती खंड के लिए किया गया। प्रत्येक घर अक्षत कलश पहुंचाने की जिम्मेदारी विश्व हिंदू परिषद को दी गई है। 28 दिसंबर को परसुली खंड के 12 गांव के विहिप कार्यकर्ताओं को अपने गांव में अक्षत कलश बांटने के लिए दिया गया।

### ध्यान से शरीर की आंतरिक क्रियाओं में होता है विशेष परिवर्तन



**मगरलोड।** यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में प्राचार्य डॉ. घनश्याम देवांगन के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा योगाभ्यास एवं ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कौशलेश कुमार ध्रुव सहायक प्राध्यापक भूगोल ने की। इस दौरान योग वेदांत समिति से आए योग प्रशिक्षक तामेश्वर साहू ने छात्र-छात्राओं को ध्यान एवं योग के बारे में जानकारी दी। योगाचार्य ने बताया कि ध्यान से शरीर की आंतरिक क्रियाओं में विशेष परिवर्तन आता है। शरीर की प्रत्येक कोशिका में ऊर्जा का संचार होने लगता है । इससे मन में प्रसन्नता, एकाग्रता, शांति और उत्साह उत्पन्न होता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रमा चंद्राकार, स्वीप प्रभारी डॉ.यशोदा साहू, रेडक्रॉस प्रभारी दिव्या देवांगन एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**Pride of Dhamtari**

उचित दामों पर उच्चतम क्वालिटी के फ्लाईएश ईंट एवं पेवर ब्लाक उपलब्ध
**कासलीवाल ब्रिक्स**
रेत, गिट्टी, ईंट, सीमेंट, छड़ के सप्लायर
प्रो. शीतल कासलीवाल : 87706-89029
ग्राम-संकरी, तहसील-कुरूद, जिला-धमतरी
नोट : सभी शासकीय कार्य एवं भवन निर्माण हेतु जीएसटी बिल के साथ उपलब्ध

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
पंजीयन आवश्यक - 9981996482
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप किडनी रोग, मस्तिष्क रोग, स्लिप डिस्क से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें
डॉ करण सराफ — MD,DM Nephrologist, किडनी रोग विशेषज्ञ, 02 जनवरी 2024 मंगलवार
डॉ अक्षय बैद — MS,MCh, Neurosurgeon, ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ, 05 जनवरी 2024 शुक्रवार
डॉ आशु जैन — MS,MCh, Neurosurgeon, ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ, 12 जनवरी 2024 शुक्रवार

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जौजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

